Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2024– 850 दिनांक 09 नवम्बर, 2024

कार्यालय–ज्ञाप

लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रतिस्पर्धाएं छात्र–छात्राओं के मध्य तीन स्तर पर आयोजित किए जाने के दिए गए निर्देश दिनांक 08.11.2024 के क्रम में प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन के लिए निम्नांकित **गाइड लाइन्स** आदेशानुसार दिए जाते हैं:–

1. **लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर स्पीच/डिबेट।**

क. यह प्रतिस्पर्धा 4 से 5 मिनट की होगी।

ख. स्पीच/डिबेट उक्त विषय पर ही आयोजित होगी, किसी अन्य विषय पर नहीं।

ग. स्पीच/डिबेट का मूल्यांकन विषयवस्तु, वैचारिक समायोजन, शैली, उच्चारण, तार्किकता एवं स्पष्टता को दृष्टिगत रखते हुए किया जाएगा।

2. **एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता**

क. यह प्रतिस्पर्धा 8 से 10 मिनट की होगी।

ख. प्रतिस्पर्धा राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन/उपलब्धियों पर आधारित/केन्द्रित होगी।

ग. इस प्रतिस्पर्धा में कथावस्तु एवं संवाद एवं चरित्र चित्रण तथा अभिनय के दृष्टिगत ही मूल्यांकन किया जाएगा।

3. **कविता लेखन**

क. कविता लेखन अधिकतम 200 शब्दों का होगा तथा इस प्रतिस्पर्धा का विषय भी राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन/उपलब्धियों पर आधारित होना चाहिए।

ख. कविता लेखन में मौलिकता, लेखन शैली एवं थीम से जुड़ा होना चाहिए।

ग. कविता लेखन का मूल्यांकन उक्त का ध्यान रखा जाना आवश्यक होगा।

4. **निबन्ध लेखन :–**

क. निबन्ध लेखन अधिकतम 1000 शब्दों का होगा तथा इस प्रतिस्पर्धा का विषय भी राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन/उपलब्धियों पर आधारित होना चाहिए।

ख. निबन्ध लेखन में मौलिकता, लेखन शैली के साथ–साथ भाषा संगठित एवं स्पष्ट होनी चाहिए।

पता: मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड–211010 (उ0प्र0), फोन: 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner

Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

ग. निबन्ध लेखन का मूल्यांकन उक्त का ध्यान रखा जाना आवश्यक होगा।

5. **देशभक्ति गीत**

क. यह प्रतिस्पर्धा 4 से 6 मिनट की होगी।

ख. इस प्रतिस्पर्धा में गीत का चयन राग, सुर–ताल सामांजस्य एवं प्रस्तुतीकरण पर ध्यान दिया जाएगा तथा इन्हीं के दृष्टिगत मूल्यांकन भी किया जाएगा।

ग. गायन में फिल्मी गाने नहीं होंगे।

नोट : ***समस्त स्पर्धाओं में मूल्यांकन हेतु निर्णायक मण्डल का नामांकन सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/नोडल प्रभारी द्वारा पारदर्शिता के साथ किया जाएगा तथा अगले स्तर भेजे जाने वाली विजेताओं की सूची में छात्र–छात्राओं का विवरण निम्नांकित प्रारूप पर भेजे जाएंगे:–***

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	प्रतिस्पर्धा का नाम	प्रतिभागियों की संख्या	विजेता का नाम	पिता का नाम	कक्षा	मोबाइल नम्बर
1	2	3	4	5	6	7	8

महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाओं की फोटोग्राफी एवं उक्तानुसार विवरण विश्वविद्यालय की ई–मेल vivek.ar@prsuniv.ac.in पर कार्यक्रम के अन्तिम दिन को अपराह्न 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना है।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।
प्रतिलिपि –
1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रो0 आशुतोष कुमार सिंह, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण।
3. समस्त जनपद नोडल प्रभारीगण।
4. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
5. श्री विवेक कुमार कनौजिया, उप कुलसचिव को इस निर्देश के साथ कि उक्त का समन्वय करते हुए प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ अवगत कराएं।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड–211010 (उ0प्र0), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner